Literacy for a Billion

Movie: Love Story
Year: 1981

Song: Dekho Maine Dekha Hai
Lyricist: Anand Bakshi

देखो मैंने देखो है ये इक सपना
फूलों के शहर में है घर अपना
क्या समा है
तू कहाँ है
मैं आयी आयी आयी आयी
आजा
कितना हसीन है ये इक सपना
फूलों के शहर में है घर अपना
क्या समा है
तू कहाँ है
मैं आया आया आया आया
आजा

यहाँ तेरा मेरा नाम लिखा है
रस्ता नहीं ये आम लिखा है
ये है दरवाजा जहाँ तू खड़ी है
अंदर आ जाओ सर्दी बड़ी है
यहाँ से नजारा देखो पर्वतों का
झाँकू मैं कहाँ से
कहाँ है झरोखा
ये यहाँ है
तू कहाँ है
अच्छा ये बताओ कहाँ पे है पानी

बाहर बह रहा है झरना दीवानी
बिजली नहीं है
यही एक गम है
तेरी बिंदिया क्या
बिजली से कम है
छोड़ो मत छेड़ो
बाजार जाओ
जाता हूँ जाऊँगा
पहले यहाँ आओ
शाम जवाँ है
तू कहाँ है

कैसी प्यारी है
ये छोटी सी रसोई
हो हम दोनों हैं बस दूजा नहीं कोई
इस कमरे में होंगी मीठी बातें
उस कमरे में गुजरेंगी रातें
ये तो बोलो होगी
कहाँ पे लड़ाई
मैंने वो जगह ही नहीं बनाई
प्यार यहाँ है
तू कहाँ है

*Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.*

*PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.*